





नवभारत
भोपाल, सोमवार, 24 अगस्त, 2026


## शाढ़ौरा के पूर्व नपा उपाध्यक्ष पर गोली से जानलेवा हमला

### व्यापार एवं उद्योग निगरानी समिति के सदस्य है पीड़ित, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर लगा गोली चलाने का आरोप





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश और वर्चस्व को लेकर भाजपा के दो नेताओं के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। व्यापार एवं उद्योग निगरानी समिति के सदस्य व नपा के पूर्व उपाध्यक्ष भास्कर सिंह रघुवंशी पर हुए इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। वहीं कान के पास गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हमले में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी पर गोली चलाने का आरोप लगा है। जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओ में सुगबुगहट तेज हो गई है।

घायल भास्कर सिंह रघुवंशी ने बताया कि घटना 22 अगस्त की रात करीब 10 बजे की है। जब वह अपने खेत से घर लौट रहे थे और जैसे ही वे हरि बचत बाजार के सामने बड़ी पुलिया के पास पहुंचे, तभी अरुण रघुवंशी ने उन्हें आवाज देकर बुलाया। वहां पहले से मौजूद अरुण, नीरज, रघुवीर, देवेंद्र उर्फ पिंटू और भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी सहित 3 अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। जहां पहले आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पिंटू देवेंद्र ने पीड़ित के गले से सोने की चेन झपट ली और नीरज ने जेब से 3,700 निकाल लिए। इसके बाद नीरज ने डंडा, अरुण ने धारदार फरसा मारा जिससे सिर में चोट आई और रघुवीर ने पीठ में लुहांगी मारी है। इसी दौरान धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने पिस्टल से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे गोली बाएं कान को छेदते हुए निकल गई। वहीं घटना की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में लोगों ने घटना की जानकारी ली।

**पुलिस ने दर्ज की FIR, अस्पताल में उपचार जारी:** घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार सुनकर पहुंचे शिवकुमार और ललित रघुवंशी ने पीड़ित को बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही शाढ़ौरा पुलिस ने मौके पर पहुंची और उसके बाद पीड़ित की शिकायत पर थाने में धारा 115(2), 296(ड्ड), 118(1), 304, 190, 351(2) एवं 125 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे मे गौवंश घायल

**अशोकनगर।** गुना रोड पर बरखेड़ी के पास एक बछड़े को अज्ञात वाहन ने रविवार शाम टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बछड़े के पिछले दोनों पैर जख्मी हो गए और वह खड़ा नहीं हो पा रहा था। इस घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए। स्थानीय लोगों सहित कुछ अन्य लोग मौके पर जमा हो गए और उन्होंने सड़क पर वाहन खड़े कर दोनों ओर से आने-जाने वाले यातायात को रोक दिया। इससे काफी देर तक चक्का जाम रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों ने बताया कि उन्होंने पशु चिकित्सालय के डॉक्टर को फोन किया था, लेकिन कोई इलाज के लिए नहीं पहुंचा। घटना की सूचना मिलने पर अशोकनगर कोतवाली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

## एक नजर में

### 15 साल से फरार हत्या व लूट के आरोपी को आजीवन कारावास

**अशोकनगर।** मुंगावली न्यायालय ने हत्या और लूट के 15 साल पुराने संगीन मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी रामपाल भदौरिया को शेष प्राकृत जीवनकाल तक आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

दरअसल 14 मार्च 2009 को मुंगावली थाना क्षेत्र के तारई चक्क स्थित पिपरई रोड घाटी पुलिया के पास सुधीर सर्राफ की कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और रुपयों से भरा बैग लूट लिया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया था, लेकिन आरोपी रामपाल (पुत्र ओमनरेश भदौरिया, निवासी गढ़रौली, शिवपुरी) घटना के बाद से ही फरार हो गया था।

**15 साल बाद गिरफ्तारी :** पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशों के पालन में मुंगावली पुलिस ने स्थाई वारंट जारी कर करीब 15 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी रामपाल को 19 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अजय नील करोठिया ने आरोपी रामपाल को दोषी ठहराते हुए धारा 302 भादवि में प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास व 5,000 रुपये जुर्माना, धारा 394 में 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2,000 रुपये जुर्माना तथा आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत सजा और अर्थदंड से दंडित किया। इस प्रकरण में तत्कालीन विवेचक निरीक्षक लालचंद श्रीवास, वर्तमान थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह कछवाह और आरक्षक निहाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### ध्यान का उद्देश्य ही तय करता है उसका फलः मुनि श्री निरंजन सागर

**अशोकनगर।** नगर में विराजमान मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने धर्मसभा में अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए इष्टोपदेश की कारिका के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस दौरान मुनि श्री ने एक सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि यदि ध्यान के माध्यम से एक तरफ चिंतामणि रत्न (बहुमूल्य रत्न) मिल रहा हो और दूसरी तरफ कांच का एक साधारण टुकड़ा, तो ऐसा कौन सा समझदार व्यक्ति होगा जो चिंतामणि रत्न को छोड़कर कांच के टुकड़े को चुनना चाहेगा? । उन्होंने वर्तमान समय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के परिवेश में ध्यान केंद्रों की कोई कमी नहीं है, लेकिन लोग ध्यान के वास्तविक उद्देश्य से भटक गए हैं। आज के समय में लोग मोक्ष प्राप्ति के बजाय केवल फिजिकल रिलैक्सेशन (शारीरिक और मानसिक विश्राम) को ही ध्यान का अंतिम लक्ष्य मान बैठे हैं। मुनि श्री ने स्पष्ट किया कि हमारे प्राचीन आचार्यों ने ध्यान को शारीरिक विश्राम से कहीं आगे की अवस्था बताया है। उन्होंने बताया कि ध्यान मुख्य रूप से दो प्रकार के फल देता ह। एक प्रकार का ध्यान हमें सांसारिक बंधनों में बांधता है संसार का कारण। दूसरे प्रकार का ध्यान हमें मोक्ष की ओर ले जाता है मोक्ष का कारण। अंत में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हमें इन दोनों में से क्या चाहिए, यह पूरी तरह हमारी अपनी सोच और इच्छा पर निर्भर करता है। आचार्यों का यही संदेश है कि मनुष्य जैसी इच्छा रखता है, उसे उसी के अनुसार अपना पुरुषार्थ (मेहनत) करने पर जोर देना चाहिए।



### 5 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम परासरी में अवैध रूप से बिक रहीं शराब पर पुलिस ने दबिश देते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उससे पुलिस ने हाथभट्टी की 5 लीटर शराब जब्त की है।

## नौकरी का झांसा देकर 9 .80 लाख ठगने वाली नकली अफसर भाई सहित गिरफ्तार

### चंदेरी पुलिस ने किया नकली अधिकारी का पर्दाफाश, दो आरोपियों की तलाश जारी



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले की चंदेरी पुलिस ने खुद को बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की चपत लगाने वाले एक हाई-प्रोफाइल गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महिला और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल यह पूरा मामला अप्रैल 2025 का है, जब भोपाल के संत आशाराम नगर बाग मुगलिया की रहने वाली तृप्ति सिंह राजपूत 30 वर्ष अपने भाई सुधांशु सिंह 23 वर्ष और दो अन्य साथियों तनुज बैश्य व अंजली सिंह के साथ चंदेरी घूमने आई थी। आरोपी किला कोठी होटल में ठहरे थे। जहां तृप्ति ने खुद को मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर बताकर स्थानीय युवाओं जयकुमार कोली, विजय कुमार दुबे, ऋतिक शर्मा और राघव सोनी पर रौब झाड़ा और आगे चलकर आरोपियों ने पीड़ितों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय में मोटी सैलरी वाली सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया और दावा किया कि तृप्ति उस विभाग की हेड है। नौकरी के एवज में प्रति व्यक्ति 3 लाख रुपये मांगे गए। झांसे में आकर पीड़ितों ने अपने दस्तावेज सौंप दिए और चंदेरी के किला कोठी में ही कुल 9,80,000 रुपये नकद थमा दिए। बाकी बचे 2 लाख रुपये नौकरी लगने के बाद देने तय हुए थे।

**पुलिस की मुस्तैदी से हुई गिरफ्तारी**

ठगी का अहसास होने पर पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एएसपी अंतरसिंह कनेश व एसडीओपी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव की टीम गठित की गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338 और 340(2) के तहत केस दर्ज किया।

तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने किला कोठी चंदेरी से तृप्ति सिंह और उसके भाई सुधांशु को महिला पुलिस बल की मौजूदगी में हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वहीं मामले के अन्य आरोपी तनुज बैश्य और अंजली सिंह फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि नौकरी के नाम पर फर्जी अफसरों को पैसे न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



## समरसता कलश यात्रा निकली लोगों को दिया एकता का संदेश

**संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा**

**किया जा रहा है गांव से शहर में आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी अभियान के तहत रविवार को सोनेरा मंडल के ग्राम करैया राय में कलश बंधन यात्रा का शुभारंभ हुआ। संत रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से युक्त कलश को नगर में स्थित मंदिर में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा करैया राय से प्रारंभ होकर सेमरा, काकाखेड़ी की ओर प्रस्थान करेगी, जहां ग्राम-ग्राम जाकर संत रविदास जी के समरसता और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से यात्रा प्रभारी सत्येंद्र कलावत, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. शीला जाटव, सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न, विश्व कल्याण के लिए श्रद्धालुओं ने दी आहूतियां

**गायत्री परिवार द्वारा आयोजित किया गया यज्ञ**

**कोलुआ रोड़ स्थित विवेकनंद स्कूल में हुआ संपन्न**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में श्री राम प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार द्वारा भव्य पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का गरिमामयी आयोजन किया गया। अखंड दीप शताब्दी एवं वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी के गौरवमयी उपलक्ष्य में आयोजित इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर विश्व कल्याण और जन-मंगल की भावना से यज्ञ देवता को आहुतियां समर्पित कीं। महायज्ञ में विद्यालय के संचालक महेश श्रीवास्तव ने सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। यज्ञ टोली की प्रमुख कविता साहू, मंजू दांगी एवं सहयोगी अजय रघुवंशी ने पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर टोली के सदस्यों ने अखंड दीप के दिव्य महत्व और माताजी के जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक ी दौलत सिंह चौहान, अमर सिंह रघुवंशी, अर्जुन सिंह रघुवंशी, दिनेश विरथरे, संजय रघुवंशी सहित विद्यालय परिवार व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। अनुष्ठान के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के युग निर्माणकारी विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## सहकार भारती का संगठन विस्तार पर जोर

**रविवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित**

**बैठक के बाद सदस्यों ने किया पौधारोपण**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सहकार भारती की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलक्षत्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सोनी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय सह-प्रमुख नंदकिशोर किरार एवं गुना जिला अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रीय गीत और सतीश बुधोलिया द्वारा प्रस्तुत संगठन गीत के साथ हुआ। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलक्षत्री ने जिले में संगठन के व्यापक विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी क्रेडिट सोसायटियों, सहकारी समितियों और संस्थाओं को सहकार भारती का संस्थागत सदस्य बनाया जाए। साथ ही, इन संस्थाओं से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को संगठन का सदस्य बनाने की दिशा में गति लाई जाए। जिला अध्यक्ष अशोक सोनी ने आश्वस्त किया कि जिले के चारों ब्लॉकों में शीघ्र ही एक प्रभावी योजना बनाकर व्यापक सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा।

**पौधारोपण कर कार्यक्रम का किया समापनः**

बैठक के पश्चात प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा मानस भवन परिसर में अशोक के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन मंत्री अवधेश शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रविन्द्र भारद्वाज द्वारा किया गया। इस दौरान रीना यादव, लखन राजोरिया, रमेश पाराशर, प्रदीप शर्मा, कैलाश चंदेल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

**आयोजन**

## टोरिया स्थित सांदापनि विद्यालय में हुआ कार्यक्रम आयोजित

## एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन ने मेधावी विद्यार्थीयों को बांटी छात्रवृत्ति




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन द्वारा सांदीपनि विद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के तहत कक्षा 8वीं के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा में कुल 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। परीक्षा के नतीजों में खास बात यह रही कि शीर्ष 12 में से 8 स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाकर बाजी मारी।

चयनित विद्यार्थियों को अगले 4 वर्षों तक लगातार छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिसके लिए उन्हें हर साल प्रथम श्रेणी प्राप्त करना अनिवार्य होगा। छात्रवृत्ति राशि के तहत प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को कुल 6,000, द्वितीय को 5,000, तृतीय को 4,000 और चतुर्थ स्थान प्राप्तकर्ताओं को 3,000 दिए जाएंगे। तो वहीं छात्रवृत्ति में पलक कुशवाहा, मंजीता साहू, सिद्धि साहू, और आदित्य प्रजापति ने प्रथम स्थान पाया, तो वहीं सोनिका पटेल, नेहा माहौर, विशाल लोधी, और प्रदीप अहिरवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देविका यादव, हरप्रीत सिंह, पायल साहू, और प्रतीक्षा साहू ने तृतीय स्थान छात्रवृत्ति पाई है। उल्लेखनीय है कि इस छात्रवृत्ति के लिए वित्तीय सहयोग स्वर्गीय चिमन लाल सडाना (पूर्व विधायक), स्वर्गीय सावित्री देवी जैन और स्वर्गीय सुनील कुमार गोयल की स्मृति में उनके परिवारों द्वारा दिया गया।

**अन्य गतिविधियां और पुरस्कार वितरण:** कार्यक्रम में पंजाबी महिला विकास समिति के सौजन्य से बालसभा और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सुंदर लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में 9-9 विद्यार्थियों को और सामान्य ज्ञान परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन के लिए 14 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. सतीश चतुर्वेदी शाकुंतल और विशेष अतिथि राजा जैन सचिव, वर्धमान स्कूल एवं सांदीपनि विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल तरूण रस्तोगी सहित लोग उपस्थित रहे।

## मंदिर से करीला के लिए निकली चुनरी यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में श्रावण मास महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। एकादशी के पावन पर्व पर मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि एकादशी के दिन भोलेनाथ का पूजन अत्यंत शुभ माना जाता है, क्योंकि इस दिन प्रीति योग, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग निर्मित हुआ। प्रातः 7:30 बजे श्रद्धालुओं एवं माता के भक्तों द्वारा श्री गणेश पूजन, नवग्रह पूजन तथा मां दुर्गा के पूजन के साथ भव्य चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह शोभायात्रा माता जानकी के प्रसिद्ध करीला धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान भक्त धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़े।

**शिव अभिषेक, हवन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश:** शोभायात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया तथा माता गौरी को श्रृंगार सामग्री अर्पित की। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मंदिर परिसर में गेंदा व गुलाब के पौधे रोपे गए और श्रद्धालुओं को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोपहर में सर्व-कल्याण की कामना के साथ हवन-शांति अनुष्ठान संपन्न हुआ। वहीं, शाम को महिला संगीत मंडल द्वारा शिव-पार्वती के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।